हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 4 अप्रैल 2026

11 चोर दरवाजे से एमएसपी खतम करने की साजिश...



12 मार्किंग ड्यूटी को लेकर सलाह ने खोला मोर्चा...



SARASWATI VIDYA VIHAR
Asalwas Dubia
COMPETITIVE COACHING
Expert faculty from CAREER POINT, Kota
NEET | JEE | NDA | PRE-FOUNDATION | OLYMPIADS
ADMISSION OPEN 2026
911 411 6000

## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिकों एवं ग्रामीणों के लिए मेडिकल कैंप कल

**भिवानी।** नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अंचल अस्पताल एवं मेदांता द मेडिसिटी गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में पांच अप्रैल को आसलवास दूबिया में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर विशेष रूप से पूर्व सैनिकों, उनके परिवारों व समस्त ग्रामीणों के लिए आयोजित किया जा रहा है। अस्पताल के निदेशक डॉ. विनोद अंचल ने बताया कि शिविर सरस्वती विद्या विहार में 10 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

### पीएनबी में निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर नौ से

**भिवानी।** गांव पालुवास स्थित पंजाब नेशनल बैंक में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा नौ अप्रैल से विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के निदेशक डॉ. रमन शीलवंत ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे न केवल खुद के पैरों पर खड़े हो सकें, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को भी साकार कर सकें। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल से महिला सिलाई प्रशिक्षण, 15 अप्रैल से ब्यूटी पॉर्लर कोर्स, एक मई से डेयरी फॉर्मिंग कोर्स, 13 मई से 38 दिवसीय कंप्यूटरर कोर्स, 15 जून से मोबाइल रिपेयरिंग कोर्स तथा 20 जून से एसी व फ्रिज रिपेयरिंग कोर्स शुरू किए जाएंगे।

### लगातार चौथे दिन भी छायी रही काली घटाएं

**लोहारू।** लोहारू इलाके में लगातार चार दिन से बरसाती मौसम बना हुआ है। चौथे दिन भी लोहारू इलाके में काली घटाएं आसमान में छाई रही और दोपहर बाद एक बार फिर झमाझम बरसात हुई। चौथे दिन शुक्रवार को शहर में सूर्य देव के दर्शन नही हुए तथा दिन भर आसमान में काले बादल छाए रहे और कई बार बूंदाबांदी भी हुई। इलाके के किसानों ने कहा कि मौसम की मार ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग का पैर कटा

**भिवानी।** भिवानी-महम मार्ग पर हवाई पट्टी के पास शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गांव ढाणी हरसूख निवासी करीब 55 वर्षीय लखीराम बुलेट पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तीन पहिया वाहन से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लखीराम गंभीर रूप से घायल हो गए और हादसे में उनका एक पैर कट गया।

## तेज हवा ने बढ़ाई किसानों की हार्टबीट, नुकसान की आशंका

# बारिश से मंडियों में भीगा किसानों का सोना, खेतों में बिछ गए अरमान

पूरे जिले में कहीं पर हल्की तो कहीं पर बारिश के साथ हवाएं चली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। शाम के वक्त तेज हवा के साथ आसमान से पानी बरसा। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं टीकी, लेकिन हलकी बारिश से अनाजमंडियों में पहुंचा सोना भीग गया। वहीं तेज हवा से खेतों में गेहूं की फसल पूरी तरह से जमीन पर बिछ गई। जिससे किसानों को मोटा नुकसान होने की आशंका बन गई है।

फिलहाल पल पल बदल रहे मौसम के मिजाज से किसानों की हार्टबीट बढ़ गई। कई जगहों पर छोटे ओले गिरने की भी खबर है। पूरे जिले में कहीं पर हल्की तो कहीं पर बारिश के साथ हवाएं चली। शाम को करीब साढ़े पांच बजे आसमान में अचानक काले बादल एकत्रित हो गए। कुछ देर बाद आसमान से पानी बरसना शुरू हुआ। लोगों को लगा कि कुछ देर बाद बारिश बंद हो जाएगी, लेकिन तेज हवा के झोंके से बारिश में तेजी आ गई। बारिश आते ही किसानों की चिंताएं बढ़ गई।





**भिवानी।** मंडियों में बारिश की वजह से गेहूं की ढेरियों के चारों तरफ फैला पानी और बारिश के साथ तेज हवा चलने से खेतों में बिछी गेहूं की फसल।

### दस मिनट बरसा पानी

करीब दस मिनट तक आसमान से पानी बरसता रहा। जिससे अनाजमंडी में बिक्री के लिए लाए गए गेहूं की ढेरियां पानी में भीग गई। हालांकि अभी मंडियों में गेहूं की आवक कम है, लेकिन जो ढेरी पहुंची है। वह तिरपाल न ढकने की वजह से भीग गई। भिवानी, बवानीखेड़ा, तोशाम के अलावा अन्य खरीद केंद्रों पर इसी तरह का हॉल रहा। बारिश थमने के बाद ही किसानों ने राहत की सांस ली।

### फसलों का हुआ बिछौना

हल्की बारिश के साथ तेज हवा ने गेहूं व जौ की फसलों का बिछौना कर दिया। कई जगहों पर गेहूं खेत में पूरी फसल जमीन पर बिछ गई। जमीन पर फसल लेटने के बाद किसानों के समक्ष उनकी कटाई व कम्बाइन मशीन से कढ़ाई की भी समस्या बन गई है। क्योंकि खेतों में बिछी फसल की कटाई व कढाई में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पडता है। दूसरी तरफ जिन खेतों में गेहूं, जौ व अन्य फसलें बिछ गई है। उन खेतों में औसतन पैदावार में काफी कमी आएगी। किसानों ने बताया कि इस बार कई बार मौसम में आए बदलाव की वजह से फसलों में मोटा नुकसान होने की आशंका बन गई है। अगर अभी मौसम साफ हो जाए तो वे अपनी फसलों की जल्द ही कटाई व कढाई करवाकर मंडियों तक पहुंचा देंगे।



**भिवानी।** रेस्क्यू किए गए बच्चों के साथ के पदाधिकारी।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 6 बच्चों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला बाल कल्याण समिति, जिला पुलिस और क्राइम ब्रांच भिवानी ने बाल कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत शहर के विभिन्न बाजारों और पार्कों में चलाए गए एक विशेष छापेमारी अभियान के दौरान कुल 6 बच्चों को रेस्क्यू (मुक्त) किया गया है।

पुलिस की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार को शहर के व्यस्त इलाकों, बाजारों और सार्वजनिक पार्कों में औचक छापेमारी की। सीडब्ल्यूएस के सदस्य एडवोकेट धीरज सैनी ने बताया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को सुरक्षित करना था जो या तो लापता थे या विषम परिस्थितियों में काम करने को मजबूर थे। रेस्क्यू किए गए 6 बच्चों में से 4 बच्चों को उचित कागजी कार्रवाई और काउंसलिंग के बाद उनके माता-पिता के हवाले कर दिया गया है। अपने बच्चों को वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। इस मौके पर सीडब्ल्यूसी भिवानी के चेयरमैन एडवोकेट प्रदीप सिंह तंवर ने कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है।

इस अभियान के दौरान सीडब्ल्यूसी के अन्य सदस्य नीलम रानी, दिनेश अत्री, एडवोकेट धीरज सैनी, सहित जिला पुलिस की तरफ से इंस्पेक्टर अमरदीप व एसआई कपिल देव व क्राईम ब्रांच से एएसआई मंजीता व एएसआई पवन कुमार भी मौजूद रहे।

## जनसम्पर्क अभियान में लोगों का जबरदस्त समर्थन मिल रहा

# कल टोल पर कई सामाजिक संगठन खोलेंगे एनएचआई अफसरों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बवानीखेड़ा व दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों का टोल टैक्स लगाए जाने की लोगों में तल्खी बढ गई है। इस मामले को लेकर टोल पर पांच अप्रैल को महापंचायत होगी और उसमें एनएचआई के अफसरों के गुमराह करने सहित अनेक मामलों में पोल खोली जाएगी। चूंकि अभी तक रोड का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ, लेकिन जबरन टोल टैक्स वसूला जा रहा है। जिसको लेकर पांच अप्रैल को होने वाली महापंचायत की सफलता को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा सहित अनेक सामाजिक संगठन क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने बताया कि उक्त महापंचायत के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। रविवार को महापंचायत में अथाह भीड़ पहुंचेगी। एनएचआई के अधिकारियों से टोल वसूलने के बारे में जवाब भी मांगा जाएगा। अगर समाधान नहीं हुआ तो उसी दिन महापंचायत में सभी लोगों से सलाह मशविरा करके आंदोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।



### मांगा जाएगा अफसरों से जवाब

इसी मामले को लेकर 22 मार्च को टोल पर एक महापंचायत का आयोजन किया गया था। उस वक्त एनएचआई के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भरोसा दिलाया था कि वे आला अधिकारियों से डिस्कस करके बवानीखेड़ा व आसपास रहने वाले लोगों को टोल में छूट देने का प्रावधान करेंगे। इस दौरान अधिकारी ने यह भी भरोसा दिलाया था कि वे एक अप्रैल को इस बारे में सारी बाते महापंचायत के समक्ष रखेंगे, लेकिन अभी तक अधिकारी ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया है। वे पांच अप्रैल होने वाले महापंचायत में अधिकारी से जवाब तलबी की जाएगी। अगर अधिकारी ने उनकी समस्या का समाधान नहीं किया तो वे उसी दिन महापंचायत में लोगों से सलाह मशविरा करके आंदोलन का ऐलान भी कर देंगे। हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने अध्यक्ष राजेश सिंधू की अगुवाई में गांव अलखपुरा व सिकदंरपुर के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पांच को होने वाली महापंचायत में जपहुंचने का न्यौता दिया। ताकि पीड़ितों की मांग को सरकार तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू व संरक्षक रामकिशन काजल ने संयुक्त रूप से कहा कि अभी तक सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है।

# दुकानों और ढाबों पर छापेमारी कर जब्त किए आठ घरेलू गैस सिलेंडर

- खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए की छापेमारी
- उपभोक्ताओं से अपील- विभाग के पास स्टॉक, नागरिक घर पर ही करवाएं गैस बुकिंग, घर पर ही पाएं सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

सरकार के निर्देशानुसार व डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में एलपीजी गैस की सुचारू रूप से आपूर्ति को लेकर जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा निरंतर निगरानी व छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग ने शुक्रवार को गांव कतवार, रोढ़ा व ईशरवाल में विभिन्न दुकानों व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विभाग ने आठ घरेलू सिलेंडर जब्त किए। वहीं दूसरी ओर विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं घरेलू गैस का कम योग दिखाई दे तो जिला मुख्यालय पर विभाग द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबर 01664-242125 पर सूचना दें। नागरिक सुबह आठ बजे से शाम आठ बज तक इस नंबर पर गैस आपूर्ति से संबंधित जानकारी ले सकते हैं। छापेमारी के लिए विभाग ने जिला मुख्यालय के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन किया है। जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अपार तिवारी ने बताया कि घरेलू गैस की कालाबाजारी या होटल-ढांबों पर कमर्शियल प्रयोग रोकने को लेकर विभाग जिलाभर में अलग-अलग स्थानों परनिरंतर छापेमारी अभियान चला रहा है। विभाग ने शुक्रवार को भी गांव कतवार, रोढ़ा व ईशरवाल में करीब आठ से वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में चैकिंग की गई। इस दौरान वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से आठ घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। निरीक्षण के दौरान कड़ी चेतावनी दी गई कि वे घरेलू गैस को कमर्शियल में प्रयोग ना करें। यदि ऐसा करते कोई मिलता है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अफवाहों पर ध्यान न दें

जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी अपार तिवारी ने बताया कि जिला में कुल 27 गैस एजेंसी हैं, जिनमें भिवानी में 12, बवानीखेड़ा में तीन, सिवानी में तीन, लोहारू में दो, तोशाम में तीन, कैरू में तीन और बहल में एक गैस एजेंसी है। जिला में कुल तीन लाख 72 हजार 821 कनेक्शन हैं। विभाग के पास आपूर्ति से अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उपभोक्ताओं को लाइनों में लगने की जरूरत नहीं है। नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिलावासियों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करें। पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण केवल आवश्यकता अनुसार ही खरीदारी करें, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल आदि सभी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है।उन्होंने कहा कि ईंधन की कमी को लेकर अफवाह फैलाने, जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है और सप्लाई चेन की निगरानी की जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर कार्रवाई होगी।

## चौधरी बंसीलाल विवि में तीन दिवसीय महिला छात्र संसद का शुभारंभ, 22 विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले रहे

# महिला विकास के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नहीं : वीसी

संसद की तर्ज पर सीबीएलयू में संचालित हुई महिला छात्र संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में महिला छात्र संसद के प्रथम दिन के उद्घाटन समारोह में कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन एवं कुलसचिव प्रो. भावना शर्मा की मौजूदगी में बतौर मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा एवं बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष एआईयू की महासचिव प्रो. पंकज मित्तल ने शिरकत की।

कार्यक्रम के दौरान कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि एआईयू द्वारा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय महिला छात्र संसद का आयोजन बड़े हर्ष एवं गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि महिला विकास के बिना किसी भी राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लखपति दीदी, नारी वंदन, एमएसएमई द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए मुद्रा योजना सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी यह मानते हैं कि 2047 विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में महिलाओं की सहभागिता अनिवार्य है। मुख्यातिथि राज्य सूचना आयुक्त नीता खेड़ा ने महिला छात्र संसद प्रतिभागिओं को संबोधित करते हुए कहा प्रतिभागी किसी भी कार्यक्रम की जान होते हैं। जब हम वाद विवाद, तर्क वितर्क एवं विचारों की अभिव्यक्ति करते हैं तो बहुत कुछ सीखते हैं इसलिए जीवन भर सीखने की जिज्ञासा एवं सुनने की क्षमता अपने अंदर बनाए रखें। प्रो. पंकज मित्तल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक महिला एक बड़ी रिसर्चर है।



**भिवानी।** महिला छात्र संसद के शुभारंभ पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

### देशभर के ये विश्वविद्यालय कर रहे महिला छात्र संसद में सहभागिता

महिला छात्र संसद में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद मणिपुर विश्वविद्यालय मणिपुर, सिंघानिया विश्वविद्यालय, सिंघाना इंटगरल विश्वविद्यालय, लखनऊ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, यूपी, गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ओडिशा, श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, अहमदाबाद यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, दून यूनिवर्सिटी, देहरादून, उत्तराखंड शारदा यूनिवर्सिटी, नोएडा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़, चौधरी बंसी लाल यूनिवर्सिटी, प्रेम नगर, भिवानी, जीएसएफसी यूनिवर्सिटी, गुजरात, एकेएस यूनिवर्सिटी, सतना पारुल यूनिवर्सिटी, वडोदरा, गुजरात।

इस अवसर पर पूर्व सूचना आयुक्त भूपेंद्र धर्माणी, डॉ अनूप, पूर्व कुलसचिव डॉ जितेंद्र भारद्वाज, प्रो संजीव कुमार, प्रो दिनेश मदान, प्रो ललिता गुप्ता सहित अनेक कर्मचारी, टीम मैनेजर्स एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### फसल खरीद: मंडियों में ट्रैक्टर नंबर प्लेट और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की शर्तों को हटाए सरकार



**लोहारू।** लोहारू में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करीब 262 दिनों से धरने पर बैठे किसानों ने सरकार की फसल खरीद को लेकर लगाई गई नई शर्तों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह फसल खरीद के लिए मंडियों में ट्रैक्टर ट्राली लेकर पहुंचने वाले ट्रैक्टर की नंबर प्लेट की फोटो और किसान की बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किए जाने की शर्तों को हटाए जाने की मांग की है। किसान नेता सुमेर सिंह राहड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अनाज मंडियों में ट्रैक्टर की नंबर प्लेट की फोटो और संबंधित किसान की बायोमेट्रिक मशीन से वेरीफिकेशन से गेट पास जारी होने में बड़ी दिक्कत आ रही है और कई बार सर्वर डाउन होने पर गेट पास नहीं बन रहा। धरने की अध्यक्षता राजेन्द्र गिगनाऊ, महताब फरटिया, शीशराम गोदारा, रामसिंह शेखावत और मनजीत गिगनाऊ ने की। मंच संचालन नरेन्द्र श्योराण फरटिया भीमा और जय सिंह गिगनाऊ ने किया। धरने को अनेक किसानों ने संबोधित किया तथा अनेक किसानों ने धरने में शिरकत की।



## खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



### जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।



### एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



## सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



## धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



### पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

### कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा। जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड्स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।



## अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान



**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

## इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक

साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

# सिर्फ शिक्षक नहीं, अभिभावकों की भागीदारी से बनता है उज्ज्वल भविष्य

**खास बातें**

- बदलाव की पाठशाला : अभिभावकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश
- बच्चों के लिए सिर्फ सुविधाएं नहीं, अभिभावकों की सक्रियता भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में चल रही बदलाव की पाठशाला पहल के अंतर्गत शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू द्वारा सरकारी स्कूलों में नामांकन अभियान के साथ-साथ अभिभावक जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत वे घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ बच्चे को स्कूल भेज देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सक्रिय सहयोग अत्यंत आवश्यक है। आज के समय में कई अभिभावक यह मान लेते हैं कि स्कूल में दाखिला दिलाने के बाद



भिवानी। बदलाव की पाठशाला से हर घर तक शिक्षा की अलख—अभिभावकों को जागरूक करते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू। फोटो :हरिभूमि

बच्चे की पूरी जिम्मेदारी शिक्षक की है, जबकि सच्चाई यह है कि बच्चा घर और स्कूल दोनों के संयुक्त प्रयास से ही आगे बढ़ता है। विनोद पिंकू ने बताया कि एक सक्रिय अभिभावक वह होता है जो रोज बच्चे से पूछता है कि उसने स्कूल में क्या सीखा। कॉपी और गृहकार्य की नियमित जांच करता है, परीक्षा के अंकों से ज्यादा उसकी गलतियों और समझ पर ध्यान देता है, बच्चे का मूल्यांकन केवल अंकों से नहीं, बल्कि उसके वास्तविक ज्ञान से करता है। अभिभावक-शिक्षक बैठक में अवश्य भाग लेता है, शिक्षकों से निरंतर संपर्क और सकारात्मक संवाद बनाए रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि कई अभिभावक पढ़ाई से जुड़ी बातों की बजाय केवल मिड-डे मील, खाते में पैसे या अन्य सुविधाओं पर ध्यान देते हैं।

**अभिभावक समय-समय पर स्कूल आएं**

उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि समय-समय पर स्कूल आएं, शिक्षकों से सम्मानपूर्वक संवाद करे तथा यह सुनिश्चित करें कि बच्चे को नियमित गृहकार्य और उचित मार्गदर्शन मिल रहा है। विनोद पिंकू ने स्पष्ट शब्दों में कहा शिक्षक चालीस बच्चों को संभालता है, जबकि अभिभावक केवल एक बच्चे को इसलिए बच्चे की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा अभिभावक की होती है, पिंकू ने बताया कि जिन बच्चों के अभिभावक जागरूक और सक्रिय होते हैं, वे सामान्य से बेहतर प्रदर्शन करते हैं,जबकि लापरवाही बरतने वाले अभिभावकों के बच्चे धीरे-धीरे पीछे रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीराधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भंडारा

**भिवानी।** बाग कोठी गली नंबर दो स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। श्रीसुंदरकांड महिला सेवा समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या, छप्पन भोग और भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सभी क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महामंडलेश्वर बालयोगिनी साध्वी करुणा गिरी महाराज (हरिद्वार) ने सुंदरकांड पाठ की सराहना की और धर्म की ओर प्रेरित किया। भजन गायक छोटी काशी के शुभम अग्रवाल ने भजनों की वर्षा की और सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

### पूर्व सैनिक सज्जन पाराशर के निधन पर शोक जताया

**भिवानी।** देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले गांव देवसर निवासी पूर्व सैनिक सज्जन कुमार पाराशर (68 वर्ष) के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर सांत्वना देने वालों की भीड़ पहुंची। दिवंगत सज्जन कुमार को उनके पुत्र और हरियाणा पुलिस में सेवारत डीएसपी जितेंद्र शर्मा ने मुखाग्नि दी।

### गांव हालुवास में श्रीबालाजी मंदिर में सत्संग व भंडारा

**भिवानी।** हनुमान जयंती पर श्रीबालाजी मंदिर गांव हालुवास में वाटिका में भंडारे एवं सत्संग का आयोजन किया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कमेटी के उप प्रधान हरीश शर्मा ने बताया कि आयोजन लगातार 17 सालों से हनुमान जयंती पर किया जाता है।

इसके अंदर सभी ग्रामवासियों एवं मंदिर कमेटी के सदस्यों का विशेष योगदान रहता है। कार्यक्रम में शहर के विशेष गणमान्य व्यक्तियों का भी विशेष सहयोग मिलता है।

### डॉ. राजकुमार समिति के सदस्य नियुक्त

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमार हलवासिया के बढ़ते राजनीतिक कद में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। जनसेवा एवं संगठन के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति भिवानी का सदस्य नियुक्त किया।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के मिलने से न केवल उनके समर्थकों में उत्साह की लहर है, बल्कि विकास कार्यों की निगरानी में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई है।

### महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह की तैयारियां तेज

**भिवानी।** महान समाज सुधारक और आधुनिक शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की आगामी जयंती को लेकर सामाजिक गलियारों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। सैनी कल्याण परिषद समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटी है।

### श्रीश्याम भवन में भक्तिभाव से मनाई हनुमान जयंती

**भिवानी।** लोहारीवाली गली स्थित श्रीश्याम भवन में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में जागरण का आयोजन किया। पूरी रात चली भजन संध्या में गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भवन को सुंदर फूलों व बिजली की लड़ियों से सजाया गया, जहां भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की वंदना से किया।

## बारिश से बर्बाद फसलों का आज तक नहीं मिला मुआवजा

# चोर दरवाजे से एमएसपी खतम करने की साजिश रच रही सरकारः रणदीप

**बी फसलों की खरीद को लेकर तुगलकी फरमान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते राज्य सभा सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला। फोटो : हरिभूमि

राज्य सभा सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के कहा की खेती-विरोधी तीन काले कानून मजबूरन वापस लेने के बाद, अब केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकारें हर रोज चोर दरवाजे से फसलों की एमएसपी खत्म करने की साजिश कर रही हैं। जिसका ताजा उदाहरण ताजातरीन रबी फसलों की खरीद को लेकर तुगलकी फरमान। असल में रबी फसल विशेषतः गेहूं व सरसों की खरीद में अनर्गल पेचीदगियां , जबरन अडंगे व प्रक्रियागत बाधा पैदा करके किसानों की फसल न खरीदने का घिनोना व क्रूर षडयंत्र रच रही है।

वे आज पूर्व सीपीएस के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र भाजपा सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा 1 अप्रैल से शुरू की कलेक्टर दर बढ़ोतरी, टोल टैक्स बढ़ोतरी और महंगाई की जबरन वसूली ने आम जनता की आजीविका पर क्रूर प्रहार किया है। सरकार के नुमाइंदों ने जमीनी हकीकत जाने बिना कलेक्टर दरों में बढौतरी व टोल टैक्स में बढौतरी कर दी। सरकार की इन जनविरोधी नीतियों से जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ गया है। उन्होंने कहा कि लोग ही नहीं ,गृहणियां भी गैस सिलेंडरों के लिए रोजाना लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। जिन किसानों को अपने खेतों में होना चाहिए। वे आज पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसियों के बाहर लाइनों में खड़े है।

इस मौके पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फ़ौजी ने कहा की किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, जिससे किसान गंभीर संकट में आ गए हैं। पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे किसानों के लिए यह नुकसान और भी ज्यादा मुश्किलें लेकर आया है। हैरानी की बात यह है कि विगत में जो बारिश से अनेक गांवों में फसलें तबाह हो गई थी। उन बर्बाद फसलों का अभी तक कोई राहत या मुआवजा नहीं दिया गया है। ऐसे में किस तरह से किसान अपने परिवार का पालन व पोषण करें। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या यहीं खत्म नहीं होती। उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। जब वे फसल बेचने के लिए जाते हैं।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर पर सोमबीर सांगवान पूर्व विधायक, बृजलाल बेहबलपुरिया अध्यक्ष हिसार ग्रामीण कांग्रेस, राजेश सादलाना एआईसीसी मेंबर, सतेंदर मोर, किरण प्रधान, सुरेश सांगवान , सुरेंद्र मिताथल, नरेश धनाना, राज तालु, नरेंद्र तालु, लीला रोहनात, सुरेश कलिंगा, बिल्लू कलिंगा, नरेंद्र खरक, राजू खरक, देवेंद्र मुंढाल, कृष्ण रोहिल्ला, समुन्दर खान, धर्मा सरपंच अन्य कोंग्रेसी कार्यकर्ता साथ थे।

### खरखड़ी में शिविर में 255 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा



**भिवानी।** लोहारू तहसील के गांव खरखड़ी में भिवानी परिवार मैत्री संघ के बैनर तले निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर अंचि देवी एवं चिरंजीलाल की स्मृति में उनके सुपुत्र मार्बल ट्रेडर बजरंगलाल अग्रवाल ने सरभूराम चिरंजीलाल धर्मशाला में लगाया, जिसमें गुरुग्राम और दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सकों ने 255 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की, जिनमें से 37 मरीजों का नेत्र ऑपरेशन के लिए चयन किया और 206 मरीजों की ओरल जांच व आठ मरीजों की प्री कैंसर जांच की। मैत्री संघ के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय कवि राजेश चेतन ने बताया कि अंचि देवी एवं चिरंजीलाल ने समाज को परोपकार की नई राह दिखाई, ऐसे ही समाजसेवियों के कारण भिवानी को छोटी काशी के रूप में जाना जाता है। बीपीएमएस का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। राजेश चेतन ने बताया कि गुरुग्राम के इंदिरा गांधी आई हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने नेत्र रोगियों की जांच की व मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया। दिल्ली के विश्व प्रसिद्ध राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों ने मेडिकल एवं कैंसर की जांच की। स्टोनेक्स के मालिक बजरंगलाल अग्रवाल ने अपने पैतृक गांव खरखड़ी में हर साल कैंप लगाने की घोषणा की और बचपन से आजतक के पलों को याद किया।

## दिव्यांग विद्यार्थियों ने किया संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हनुमान जयंती पर आस्था स्पेशल स्कूल में प्रेरणादायक एवं सराहनीय पहल की शुरुआत की। संस्था ने दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क संगीत शिक्षा के लिए आस्था स्वर संगम मंच का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास की नई दिशा देना है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय परिसर में भक्ति एवं सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। दिव्यांग बच्चों ने संगीतमय अंदाज में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यतिथि दीप्ति परमार एवं एडवोकेट रितु शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आस्था स्पेशल स्कूल आज दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है।



भिवानी। हनुमान जयंती पर संगीतमय सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा करते दिव्यांग विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## संघर्ष, निर्भीकता और बहादुरी का पर्याय बनकर जिए जंगबीर सिंह : रणदीप

- पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ और कैप्टन अभिमन्यु ने भी किए पूर्व सांसद के संस्मरण साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा की धरती ने एक ऐसे जननायक को खो दिया, जिसने अपने पूरे जीवन को संघर्ष, सिद्धांतों और जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया। पूर्व सांसद चौधरी जंगबीर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वे केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं थे, बल्कि वे संघर्ष, निर्भीकता और बहादुरी का सजीव उदाहरण थे। उनका जीवन हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो समाज के लिए कुछ करने का जज़्बा रखता है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह ने हर परिस्थिति में सच्चाई का साथ दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने भी अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह एक स्पष्टवादी और कर्मठ नेता थे। उन्होंने हमेशा किसानों, मजदूरों और आमजन के हितों की लड़ाई लड़ी। उनके अंदर एक विशेष प्रकार की सादगी और आत्मीयता थी, जो उन्हें आम लोगों के बेहद करीब ले जाती थी। वे हर वर्ग के लोगों के दुख-दर्द को समझते थे और बिना किसी भेदभाव के उनकी सहायता करते थे। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि चौधरी जंगबीर सिंह का जीवन एक खुली किताब की तरह था।



### समाज को जोड़ने की शक्ति रखते हैं आयोजनः डॉ. वासुदेव

**भिवानी।** पतराम गेट स्थित सिद्धपीठ पंचमुखी बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव पर वीरवार शाम को धार्मिक श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भव्य जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें शहर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम श्रीश्री 1008 महंत रामरतन दास महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्यतिथि पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री धीरज शर्मा बापोड़ा, समाजसेवी पूर्ण जांगड़ा और जयकिशन जेके मौजूद रहे। मंदिर समिति के सदस्यों गोपाल गोयल, तारकेश्वर टीके, नितिन कुमार, शिवम शर्मा, महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस एससी सैल की नियुक्ति संगठन को देगी नई ऊर्जाः जोगी

# कांग्रेस एससी सैल के नए जिला अध्यक्षों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा में आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने अनुसूचित जाति विभाग के जिला शहरी और ग्रामीण अध्यक्षों की महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। वीरेंद्र बापोड़ा को जिला ग्रामीण अध्यक्ष और शिव कुमार चांगिया को जिला शहरी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा तथा स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में लड्डू बांटकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। वीरेंद्र बापोड़ा और शिव कुमार चांगिया ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी विभाग के राजेंद्रपाल गौतम, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, एससी सेल के प्रदेशाध्यक्ष मनोज बागड़ी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी का आभार जताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल व शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप जोगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वीरेंद्र और शिवकुमार की नियुक्ति से भिवानी में कांग्रेस का हाथ और मजबूत होगा। पार्टी ने हमेशा समर्पित कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान दिया है। अनुसूचित जाति के ये नए स्तंभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक कांग्रेस की नीतियों और भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा की जनहितैषी सोच को पहुंचाने का काम करेंगे।



भिवानी। नवनियुक्त जिला अध्यक्षों का स्वागत करते राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर ईश्वर प्रधान, रेणुबाला, बलवंत मास्टर, काला मुंढाल, श्यामबीर खरक, मंजीत लगायन, अनिल नेहरा, राजू खरक, लक्ष्मण सैन, राममहेर जांगड़ा, सुरेंद्र दुहन आदि मौजूद रहे।*

## न्यूज डायरी



### बाबा साहेब के जन्मोत्सव को लेकर बनाई रणनीति

**भिवानी।** भारत रत्न और भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव को भिवानी में ऐतिहासिक और भव्य रूप देने की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। 14 अप्रैल को प्रातः 9 बजे जिला लघु सचिवालय स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर प्रतिभा सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. बीआर अंबेडकर एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें जिले की समस्त सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं का पूर्ण सहयोग रहेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए शुक्रवार को भिवानी में विभिन्न समाजों और संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई।



### सीबीएस स्कूल में हवन से नए शिक्षा सत्र का आगाज

**चरखी दादरी।** मौड़ी स्थित सीबीएस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर एवं नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रोच्चारण से गुंजायमान हो उठा और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सहभागिता करते हुए विधिवत हवन में आहुति डाली और भगवान से नए सत्र की सफलता, समृद्धि एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक नरसिंह चाहर, सुरेश सोलंकी, एडवोकेट इन्द्रजीत फोगाट तथा मैनेजर कटार सिंह बेनिवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य ने हवन-यज्ञ की महत्ता बताई।

### भाषण प्रतियोगिता में राजीव गांधी कॉलेज की साक्षा प्रथम



**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने चंडीगढ़ स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेक्टर में यूथ पार्लियामेंट में भागीदारी की। राज्य स्तरीय केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत 2047 की ओर भारतीय युवाओं के मार्ग को सुदृढ़ बनाना विषय पर भाषण प्रतियोगिता में डॉ. भामा अग्रवाल के निर्देशन में प्रतिभागिता दी। राज्य के सभी जिलों से आए प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अगले पड़ाव राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। छात्रा साक्षी की सफलता पर महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है। प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने छात्रा साक्षी अभिभावकों एवं प्राध्यापक को बधाई दी है।

### लोहारू में धूमधाम से मनाई श्रीहनुमान जयंती

**लोहारू।** गत दिवस लोहारू इलाके में श्री हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई तथा शहर के मंदिरों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। शहर के श्री उजाडिया हनुमान मंदिर, मलवाना धाम और मुख्य पंचायती मंदिर में भंडारा आयोजित कर झांकी निकाली गई। वहीं हरियाणा रोडवेज बस स्टेंड परिसर स्थित श्री हनुमान मंदिर में भंडारे और जागरण का आयोजन किया गया। बता दें कि श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आज लोहारू क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। नगर के प्राचीन मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक भंडारों और शोभायात्राओं के साथ जारी रहा। प्रसिद्ध मलवाना धाम में भक्त सोमबीर के संयोजन में बीती सायं विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

### देशी पिस्तौल और 9 कारतूसों सहित युवक काबू

**चरखी दादरी।** पुलिस ने गांव तिवाला निवासी युवक को अवैध देशी पिस्तौल और 9 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचना संजीत उर्फ काला निवासी तिवाला के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की पुलिस टीम को सूचना मिली कि गांव तिवाला निवासी संजीत उर्फ काला अवैध हथियार सहित अपने खेत में बने मकान की तरफ गया है। हेड कांस्टेबल प्रदीप ने टीम को साथ लेकर सूचना के मुताबिक शख्स के खेत में बने मकान के पास पंहुचा तो मकान के पास एक युवक दिखाई दिया। शक होने पर टीम ने शख्स को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संजीत उर्फ काला निवासी तिवाला बताया। तलाशी लेने पर एक देशी पिस्तौल और 9 कारतूस बरामद हुए । बरामद पिस्तौल व 9 कारतूस पुलिस ने अपने कब्जे में लिए और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया।

### कागजों में हो रही पानी के टैंकों की सफाई

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस उद्योग सैल के चेयरमैन अशोक बुवानीवाला ने शहर के जलघरों के टैंकों की बदहाल स्थिति उजागर किए जाने के बाद अब सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले जवाब ने जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है। आरटीआई से प्राप्त जानकारी से साफ हो गया कि टैंकों की सफाई का काम कागजों में दिखाया जा रहा है, लेकिन धरातल पर इसकी स्थिति बेहद चिंताजनक है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-2 भिवानी द्वारा दिए जवाब में बताया कि शहर में जलापूर्ति तीन जलघरों के माध्यम से होती है, जिनसे करीब 25 टैंक जुड़े हैं। हैरानी की बात है कि इन टैंकों की नियमित सफाई के लिए कोई अलग से वार्षिक बजट निर्धारित नहीं किया है और न सफाई के लिए कोई तय शेड्यूल बनाया गया है।

### इग्नू में दाखिले की अंतिम तिथि 10 तक बढ़ाई

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च से बढ़ाकर अब 10 अप्रैल बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो किसी कारणवश अब तक किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाए हैं। इग्नू में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में जारी है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. धर्म पाल ने आगे बताया कि जो विद्यार्थी पहले से किसी अन्य संस्थान में नियमित पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे हैं, वे भी इग्नू से एक अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। इससे उनके करियर विकल्पों का विस्तार होगा और वे विभिन्न विषयों में गहन ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

### अधिकारी त्वरित करें शिकायतों का समाधानः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों के समाधान करने को कहा। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से मत्स्य पालन विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश ने वीसी के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। डीसी श्री गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रगति रिपोर्ट का गहनता से अध्ययन करें और निर्धारित नए प्रारूप में एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर अपलोड जरूर करें। उन्होंने लंबित समस्याओं की समीक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाए। यदि कोई शिकायत सही मिलती है तो उस पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जबकि अपूर्ण या असत्य पाए जाने वाली शिकायतों को ही उचित कारण दर्ज करते हुए निरस्त किया जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायत को निरस्त करते समय स्पष्ट कारण दर्ज करना अनिवार्य है ताकि कोई भी समस्या बार-बार री-ओपन ना हो। उन्होंने कहा कि इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और अनावश्यक लंबित मामलों में कमी होगी। बार-बार शिकायतों के री-ओपन ना होने से कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी आती है। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, डीएमसी हरबीर सिंह, सीटीएम अनिल कुमार, डीएसपी महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



### हवन से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में अर्जुन सदन के निर्देशन में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं यज्ञ के साथ बड़े धूमधाम से किया। वैदिक प्रवक्ता सुखदेव शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ का विधिवत प्रारंभ कर विद्यार्थियों को नवसत्र की शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक नए संकल्पों के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। वहीं समस्त स्टाफ सदस्यों ने भी यज्ञ में सहभागिता निभाते हुए आहुति दी।। प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत ने सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों को नव सत्र की शुभकामनाएं दी।

### कैप्टन गूगन सिंह बने जिला अध्यक्ष

**भिवानी।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने संगठन की मजबूती और समाज की आवाज को बुलंद करने के लिए कैप्टन गूगन सिंह पर भरोसा जताया है। प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें भिवानी जिले की कमान सौंपने के बाद उनके पैतृक गांव सैय सहित पूरे जिलेभर से बधाइयां मिल रही हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कैप्टन गूगन सिंह ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सांवरमल एवं समस्त शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वे ईमानदारी से निभाएंगे।

### शादी की सालगिरह पर 23 ने किया रक्तदान

**भिवानी।** मानवता की सेवा और दूसरों को जीवनदान देने के संकल्प के साथ शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा वंशिका फाउंडेशन के अध्यक्ष रक्तवीर मनीष वर्मा की शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लगाया। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव सेवा की दिशा में सर्वोत्तम कार्य है। शिविर में 23 ने रक्तदान किया तथा रक्तदाओं को अतिथियों ने स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## क्वार्टर फाइनल में प्रिया ने चीन की मुक्केबाज चेंग्यू यांग को दी मात

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप की सेमीफाइनल में पहुंची प्रिया घणघस


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय खेल प्राधिकरण, खेल प्रशिक्षण केंद्र भिवानी की मुक्केबाज़ प्रिया घणघस 60 किलोग्राम वर्ग ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने देश के लिए एक और पदक सुनिश्चित कर दिया है।

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रिया घणघस ने चीन की मुक्केबाज़ चेंग्यू यांग को 4-1 के स्पष्ट अंतर से पराजित किया। मुकाबले की शुरुआत से ही प्रिया ने आक्रामक रणनीति अपनाई और अपने तेज एवं सटीक पंचों के माध्यम से प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाए रखा। प्रिया की जीत से भारतीय महिला बॉक्सिंग टीम का मनोबल और सुदृढ़ हुआ है, अब उनकी निगाहें सेमीफाइनल मुकाबले में विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश करने और स्वर्ण पदक जीतने पर केंद्रित हैं। हरियाणा की प्रतिभाशाली मुक्केबाज की सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

### इन्होंने दी बधाई

इस अवसर पर उपनिदेशक दीपक पंत, द्रोणाचार्य अवार्डी एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक मुक्केबाजी महावीर सिंह, प्रशिक्षक मुक्केबाजी नवीन शर्मा ने प्रिया को उपलब्धि पर बधाई दी।



पदक विजेता प्रिया घणघस।

## जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में युवराज ने जीता रजत पदक

### चीन में गाड़ा जीत का झंडा, चैंपियनशिप में 78 देश ले रहे भाग



**भिवानी।** हरियाणा की माटी के लाल जब मैदान में उतरते हैं, तो दुनिया की बड़ी से बड़ी चुनौतियां भी छोटी पड़ जाती हैं। भिवानी को मिनी क्यूबा और खेल नगरी का खिताब यूं ही नहीं मिला, इसके पीछे युवराज बामणिया जैसे खिलाड़ियों का अटूट समर्पण और पसीना छिपा है। चीन के तिआनजिन में हुई जूनियर वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में भिवानी के युवराज बामणिया ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रजत पदक हासिल किया। चीन की धरती पर जब 78 देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी तकनीक और शक्ति का प्रदर्शन कर रहे थे, तब भिवानी के कवि सूरजभान अजायब कॉलोनी के रहने वाले युवराज ने अपनी श्रेष्ठता साबित की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिद्वंदियों को मात दी और फाइनल तक का सफर तय कर भारत की झोली में चांदी का तमगा डाल दिया। युवराज की सफलता के पीछे उनके पिता और कोच भारत सूरजभान का कड़ा अनुशासन और मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने बताया कि युवराज की जीत में जय कोच रोहतक ओर इंडिया कोच राममेहर का विशेष मार्गदर्शन रहा है। युवराज के चाचा आनंद, सोनू, सुमित, माता शीला, चाचा अनित, चाची सोनिया व ताई पूनम ने कहा कि युवराज की जीत केवल परिवार की उपलब्धि नहीं, बल्कि सभी युवाओं की जीत है जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी आंखों में बड़े सपने संजोते हैं।

## चयनित खिलाड़ियों को मिलता है प्रशिक्षण, खेल सुविधाएं एवं आर्थिक प्रोत्साहन

# बामला में हरियाणा स्पोर्ट्स नर्सरी जूडो ट्रायल आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा स्पोर्ट्स नर्सरी जूडो ट्रायल चार अप्रैल को सायं चार बजे बामला के फूलपुरा बस स्टैंड स्थित राजकीय स्कूल में किया जाएगा। जिला जूडो एसोसिएशन के महासचिव अजीत बामला ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग की महत्वाकांक्षी खेल नर्सरी योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं उभरती खेल प्रतिभाओं को पहचानने तथा उन्हें उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जूडो ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण, खेल सुविधाएं एवं आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। चयनित खिलाड़ियों को दो हजार व तीन हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृति प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र में भाग लेना अनिवार्य है। माह में कम से कम 22 दिन उपस्थिति सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का चयन खेल प्रदर्शन, शारीरिक योग्यता एवं ट्रायल के आधार पर किया जाएगा। नर्सरी में चयनित खिलाड़ियों को खेल विभाग के दिशा-निर्देशों अनुसार आगे प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। सभी इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, व फैमिली आई साथ लेकर आएं।

> ■ खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण सत्र में भाग लेना अनिवार्य



**भिवानी।** पदक विजेता खिलाड़ी अपने प्रशिक्षक के साथ। फोटो : हरिभूमि

# अजीत बॉक्सिंग क्लब : जिया बेनीवाल ने स्वर्ण व वासु जागलान ने कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बहादुरगढ़ के बीएसएम स्कूल में 27 से 31 मार्च तक आयोजित सब जूनियर हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब के दो मुक्केबाजों ने एक स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीत कर जिले व क्लब का नाम रोशन किया है। मुक्केबाज जिया बेनीवाल ने 35 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण और वासु जागलान ने 43 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। क्लब के कोच नवीन बलहारा फ्रूटी ने बताया कि जिया 4 से 11 अप्रैल तक पटियाला में होने वाली एशियन चैंपियनशिप की ट्रायल में हिस्सा लेंगी। क्लब प्रधान सुरेन्द्र बंटु मनजीत अहलावत, अर्जुन बेनिवाल शेरसिंह ग्रेवाल,सरपंच आशीष बैनिवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, डॉ. मनफूल ग्रेवाल, अजय सुहाग, राजेश बैनिवाल, मोनू वर्मा, ओमबीर बैनिवाल, विकास बेनीवाल, नीटू शेखावत सतवेन्द्र सांगवान, कर्णसिंह तंवर,चरण सिंह नौरंगाबाद, जितेन्द्र बेनीवाल, राहुल तंवर, धर्मवीर दुहन, बीरसिंह, लीला निनान अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सोमबीर सिवाच, सतीश सिवाच, भिवानी बॉक्सिंग सचिव शशिकांत, जितेन्द्र बैनिवाल, भुपेन्द्र ग्रेवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीन लीली आदि ने खेलप्रेमियों ने पदक विजेताओं को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

## कबड्डी खेल नर्सरी के लिए ट्रायल आयोजित

# मिलाथल में 40 लड़के और 30 लड़कियों ने दिखाया दमखम

**भिवानी।** गांव मिताथल के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में आज कबड्डी खेल नर्सरी में चयन के लिए ट्रायल हुआ। जिसमें 8 से 19 वर्ष तक के लगभग 40 लड़के व 30 लड़कियों ने भाग लिया। इनमें से चयनित 25 लड़के व 25 लड़कियो का चयन किया गया। जिनको खेल विभाग हरियाणा द्वारा निर्धारित खुराक भत्ता दिया जाएगा। मा. पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा खेल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मिताथल को लड़को की कबड्डी नर्सरी व कन्या विद्यालय को लड़कियों की नर्सरी दी गई । जिनकी चयन प्रक्रिया कबड्डी गेम ट्रायल व बैटरी टेस्ट में 6 गुणा 10 मीटर स्ट्रगल, स्टैंडिंग जम्प, मेडिसिन बाल, बैन्ड एंड रिर्च, एस वी जम्प इत्यादि द्वारा योग्य निपुण खिलाडी का चयन ग्राम पंचायत मिताथल द्वारा निर्धारित कोच व अन्य की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर कोच कप्तान बेनीवाल, कोच परमवीर सिवाच, कबड्डी प्रशिक्षक सुनीता रानी आदि मौजूद रहे।

> ■ ट्रायल में 25 लड़के व 25 लड़कियो का चयन किया

# अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सूबेदार दीपक का खरक में कियाअभिनंदन

- सुविधाओं की कमी का रोना रोने वालों के लिए प्रेरणा है दीपक की उपलब्धि : विनोद पहलवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** हैंडबाल खिलाड़ी का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

खेलों की नर्सरी कहे जाने वाले भिवानी जिले के गांव खरक में उस समय जश्न का माहौल हो गया, जब अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सूबेदार दीपक सिंह का अपने पैतृक क्षेत्र पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। दादी शती जाबदे अखाड़ा समिति द्वारा आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में ग्रामीणों ने अपनी माटी के लाल की उपलब्धियों को पलकों पर बिठाया। कार्यक्रम का आयोजन गांव के बस स्टैंड स्थित राजा विक्रमादित्य की प्रतिमा के समीप किया गया। समारोह में धाम्यान खाप के प्रधान वेदपाल परमार, डा. पप्पू उर्फ भोलू और प्रमुख समाजसेवी फौजी विनोद पहलवान खरक ने मुख्य रूप से शिरकत की। अतिथियों ने सूबेदार दीपक को फूलों की मालाओं से लाद दिया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फौजी विनोद पहलवान ने कहा कि आज खरक की पावन धरा के लिए गर्व का दिन है। सूबेदार दीपक सिंह ने केवल एक मैच नहीं जीता, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर तिरंगे की शान बढ़ाई है।

## सेटेलाइट से की जा रही निगरानी

# किसान फसल अवशेषों को नहीं जलाएं : नसीब सिंह

**भिवानी।** पराली जलाने की घटनाओं के मद्देनजर सेटेलाइट की आधुनिक तकनीक से प्रत्येक खेत की एक अप्रैल से कड़ी निगरानी की जा रही है। यदि कहीं पर गेहूं फसल अवशेष में कोई आग लगाता है तो प्रशासन की नजरों से छिप नहीं सकता। वहीं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिला के न केवल किसानों से बल्कि आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे फसल अवशेषों को किसी भी कीमत पर ना जलाएं। सहायक कृषि अभियन्ता नसीब सिंह धनखड ने बताया कि भिवानी जिले मे कुल 272 गांव मे 102600 हैक्टर मे गेहूं का क्षेत्र है। गेहूं की कटाई उपरान्त खेतों में बचे हुए फसल अवशेषों में आग लगा दी जाती है, जिसके मध्यनजर डीसी श्री गुप्ता द्वारा जिला स्तर, खण्ड स्तर व गांव स्तर पर पराली प्रोटेक्शन फोर्स का गठन किया जा चुका है, जो निरंतर निगरानी करेंगी। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2026 से प्रत्येक खेत की निगरानी आधुनिक तकनीक से की जा रही।

> ■ 272 गांवों में 102600 हैक्टर ममें गेहूं का क्षेत्र

# बारिश से फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति के लिए एआईकेकेएमएस ने किया प्रदर्शन

- ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रधान रोहतास सैनी की अध्यक्षता में किसानों की फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति के लिए प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम नायब तहसीलदार अशोक कुमार को दिया। ज्ञापन में मुख्य मांग थी कि तेज हवाओं, बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की पूर्ति की जाए।

इस मौके पर उपस्थित प्रदर्शनकारियों को जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने बताया कि गत दिनों बहुत तेज हवाओं, भीषण बारिश और ओलावृष्टि से जिला भिवानी के अनेक क्षेत्रों, गांवों के खेतों में सरसों, गेहूं व अन्य फसलों की हानि हुई है जो कहीं बहुत अधिक है तो कहीं कम है लेकिन कोई भी गांव या खेत ऐसा नहीं है जहां किसी न किसी फसल का नुक्सान नहीं हुआ हो। इस दौरान सुरेंद्र, जगबीर, बहादुर सिंह अलखपुरा, प्रेमचंद बादलवाला, नरसिंह श्योराण, सत्यवान झूली, महेंद्र सागवान आदि मौजूद रहे।

## अड़ियल रवैये को लेकर जताया रोष

# बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसो. ने मांगों को लेकर की बैठक

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन जिला भिवानी की मासिक बैठक नेहरू पार्क में एसोसिएशन के प्रधान बालमुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव आर.के.चावला ने किया। बैठक में दिवंगत आत्माओं के प्रति दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति प्रभु से की गई। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों के अड़ियल रवैये के प्रति रोष प्रकट किया गया। पेंशनर्ज के मेडिकल कैशलेस इलाज के कार्ड भी नहीं बनाए जा रहे हैं।

फैमिली पैंशनर्ज को एलटीसी की सुविधा बार-बार मांग करने पर नहीं मिल रही है। पेंशनर्स को एलटीसी की सुविधा देने बारे नये नियमों को लागू करने का विरोध किया गया। पेंशनर्ज के रुके हुए कार्यों को करवाने के लिए निगम के अधिकारियों से शीघ्र ही संपर्क किया जाएगा।

> ■ बार-बार मांग करने पर भी नहीं मिल रही एलटीसी की सुविधा

# ग्रामीण जलघर और ट्यूबवेलों को पंचायत के अधीन करने की निंदा

- मांगों को लेकर कर्मचारी कार्यकारिणी की मीटिंग हुई सम्पन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजिस्टर नंबर 41 मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ शहरी ब्रांच भिवानी की कार्यकारिणी की मीटिंग चिड़ियाघर रोड स्थित जिला यूनियन कार्यालय में शहरी ब्रांच प्रधान विजेंद्र परमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में विशेष रूप से राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सेन, जिला प्रधान चांदीराम कादियान ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन ब्रांच सचिव सुखबीर गुर्जर ने किया। यह जानकारी प्रेस प्रवक्ता अमित जांगड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। जिला प्रधान चांदी राम कादियान ने कहा कि कर्मचारी और पदाधिकारियों ने जो समस्याएं बताई उन समस्याओं को उच्च अधिकारियों से मिलकर प्राथमिकता के आधार पर निवारण करवाया जाएगा। शहरी ब्रांच के प्रधान विजेंद्र ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मचारियों को अवगत करवाया कि सरकार ग्रामीण जलघर और ट्यूबवेलों को पंचायत के अधीन करने जा रही है। संगठन इस नीति की घोर निंदा करता है।

## शिक्षक सम्मान का पात्र है, उत्पीड़न का नहीं : राजबीर शर्मा

**काफी समय से मार्किंग ड्यूटी का मानदेय नहीं बढ़ाया**

# मार्किंग ड्यूटी को लेकर सलाह ने खोला मोर्चा, बोर्ड चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सरकारी स्कूलों के प्रवक्ताओं की समस्याओं को लेकर स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) मुखर हो गई है। एसोसिएशन ने कक्षा 10वीं और 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन (मार्किंग ड्यूटी) के दौरान शिक्षकों को आने वाली दिक्कतों को लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन कुमार को मांगपत्र सौंपा।

सलाह के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा धारेडू ने इस संदर्भ में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि बोर्ड ने शिक्षकों की जायज मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया, तो शिक्षकों में भारी रोष उत्पन्न होगा। धारेडू ने बताया कि एसोसिएशन ने मांगपत्र के माध्यम से मांग की है कि पिछले काफी समय से मार्किंग ड्यूटी का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है ऐसे में एसोसिएशन की मांग है कि इसे महंगाई के अनुपात में तुरंत बढ़ाया जाए। एक ही स्कूल में यदि 50 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है, तो स्कूल का शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है। इसमें छूट दी जानी चाहिए। शिक्षकों की ड्यूटी उनके अपने उपमंडल के बाहर ना लगाई जाए ताकि उन्हें लंबी दूरी तय न करनी पड़े। मार्किंग केंद्रों पर बिजली, पंखे और शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था हो। राजबीर धारेडू ने तंज कसते हुए कहा कि चिलचिलाती गर्मी में शिक्षकों से बिना पंखे के काम लेना न्यायसंगत नहीं है। मार्किंग केंद्र पर चाय-पानी के लिए मिलने वाली राशि को बढ़ाकर 50 रुपये किया जाए। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं की प्रति उत्तरपुस्तिका मार्किंग का मानदेय 12 व 14 रुपये होता था, अब इसे प्रति उत्तरपुस्तिका दो से चार रुपये बढ़ाने का चेयरमेन ने आश्वासन दिया तथा कहा कि जल्द इसका पत्र भी जारी कर दिया जाएगा। सलाह के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा धारेडू ने कहा कि मार्किंग का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक ही निर्धारित होना चाहिए ताकि शिक्षक समय पर अपने घर पहुंच सकें। साथ ही यदि परीक्षा के दौरान किसी शिक्षक की कोई गलती नहीं है, तो उन पर अनावश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करना बंद किया जाना चाहिए।

# आदर्श महिला महाविद्यालय में बंदरों का आतंक, सुरक्षा पर मंडराया खतरा

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में इन दिनों बंदरों के बढ़ते आतंक ने छात्राओं और स्टाफ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर दी है। महाविद्यालय परिसर एवं गर्ल्स हॉस्टल में बंदरों की लगातार बढ़ती संख्या से भय एवं असुरक्षा का वातावरण बन गया है। कई बार प्रशासन और नगर परिषद से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका मित्तल ने बताया कि यह प्रमुख कन्या कॉलेज है, जहां हजारों छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें से कई छात्राएं हॉस्टल में निवास करती हैं, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना महाविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्हों बताया कि बंदरों का झुंड आए दिन परिसर और हॉस्टल में घुस आता है और उपद्रव मचाता है। बंदर न केवल छात्राओं से खाने-पीने की वस्तुएं छीन लेते हैं, बल्कि उनके निजी सामान को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार ये बंदर आक्रामक होकर छात्राओं पर झपटते हैं और उन्हें काटने का प्रयास करते हैं। हाल ही में गंभीर घटना सामने आई, जिसमें छात्रा को बंदर ने बुरी तरह घायल कर दिया।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
आर्यन कोचिंग
स्थाई एकेडमी (विश्वास का दूसरा नाम)
12वीं के बाद सरकारी नौकरी
नया बैच आरम्भ
अग्निवीर | SSC | रेलवे
हरियाणा पुलिस | हरियाणा ग्रुप-डी | CET
AIRFORCE | NAVY | ARMY
पता : बस स्टैंड के पास, चरखी दादरी
9050035973, 9812611926